भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

लक्ष्य सेन का दुबई में वर्ल्ड नंबर 1, विक्टर एक्सेलसन के साथ प्रशिक्षण के प्रस्ताव के; सिंधु के अनुरोध पर विदेश में एक फिटनेस ट्रेनर को साथ मेंजाने कीटॉप्सेके अन्त र्गतमंजूरी दी गई

नई दिल्ली 26 मई: भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन के दुबई में विश्व नंबर 1 विक्टर एक्सेलसन के साथ प्रशिक्षण के प्रस्ताव को मिशन ओलंपिक सेल (मि०ओ०सं०) समिति के सदस्यों द्‌वारा गुरूवार को मंजूरी दे दी।

लक्ष्य, जो इस महीने प्रतिष्ठित थॉमस कप जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम का हिस्सा थे , 29 मई से 5 जून (8 दिन) तक दुबई में एक्सेलसन के साथ प्रशिक्षण लेने के लिए तैयार हैं और फिर 19 जून से 26 जून (8 दिन) तक मलेशियाई प्रशिक्षण केन्द्रश में प्रशिक्षण के लिए19 जून को कुआलालंपुर, मलेशियारवाना होंगे। राष्ट्र मण्ड ल खेलों की तैयारी के लिए दोनों प्रशिक्षण प्रस्ता वों को मि०ओ०से० द्‌वारा अनुमोदित किया गया था।

स्वीकृत राशि में उनकीऔर उनके फिजियो की हवाई यात्रा , आवास एवं खान -पान, और अन्य खर्चों के साथ-साथ जेब खर्च भत्ता भीशामिल हैं।

लक्ष्य के प्रस्ताव के साथ, मि०ओ०से० समिति ने बैडमिंटन खिलाड़ी और ओलंपिक रजत पदक विजेता पीवी सिंधु के अपने फिटनेस ट्रेनर एम श्रीकांत मदापल्ली को कई आगामी टूर्नामेंट में साथ ले जाने के लिए वित्तीय सहायता के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।

इंडोनेशिया मास्टर्स (7-12 जून), इंडोनेशिया ओपन (14-19 जून), मलेशिया मास्टर्स (28 जून से 3 जुलाई), और मलेशिया ओपन (5-10 जुलाई), और सिंगापुर ओपन (12-17 जुलाई) के दौरान श्रीकांत सिंधु के साथ जाने के लिए तैयार हैं।

ईओएम